1. सत्रहवीं सदी में किस कवि ने 'ढोला मरू रा दूहा' में कुछ चौपाइयाँ जोड़ी थी?

(A) ज्योतिरीश्वर ठाकुर

(B) कुशल राय

(C) मधुकर कवि

(D) देवसेन

2. "बारह बरस लौ कूकर जीवै, अरू तेरह लौ जिए सियार।

बरस अठारह क्षत्री जीवै, आगे जीवन को धिक्कार।।"

उपर्युक्त पँक्तियाँ किस कवि की हैं?

(A) जगनिक

(B) चंदबरदाई

(C) पुष्यदंत

(D) दलपत विजय

3. निम्नलिखित में से कौन–सी रचना एक विरहपरक संदेश काव्य है

(A) खुमाण रासो

(B) पृथ्वीराज रासो

(C) विजयपाल रासो

(D) बीसलदेव रासो

4. 'कीर्तिलता' की भाषा क्या है?

(A) अपभ्रंश

(B) अवहट्ट

(C) मैथिली

(D) ब्रजावली

5. अमीर खुसरो के गुरू कौन थे?

(A) ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती

(B) शेख बहाउद्दीन जडारिया

(C) निजामुद्दीन औलिया

(D) मुहम्मद गौस

6. 'भाषा पर कबीर का जबरदस्त अधिकार था। वे वाणी के डिक्टेटर थे। यह कथन किस आलोचक का है?

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) रामचन्द्र शुक्ल

(C) रामकुमार वर्मा

(D) डॉ. धर्मवीर

7. निम्नलिखित में कौन सी पंक्ति उलटवाँसी है?

(A) मैं कहता हूँ आखिन देखी, तू कहता कागदि की लेखी।

(B) संतौं धागा टूटा गगन विनसि गया, सबद जु कहाॅ समाई।

(C) एक अचंभा देखा रे भाई, ठाढ़ा सिंह चरावै गाई।

(D) भाई रे विरले दोसत कबीरा के, यहु तत बार बार काँसों कहिये।

SAMPLE PAPER

8. जब उपमेय को उपमान से बढ़ाकर अथवा उपमान को उपमेय से घटाकर वर्णित किया जाता है, वहाँ कौन–सा अलंकार होता है?

(A) उत्प्रेक्षा

(B) अतिश्योक्ति

(C) दृष्टांत

(D) व्यतिरेक

9. "अवधि शिला का उर पर । था गुरू भार।
तिल तिल काट रही थी। दृग जल धार।"
उपर्युक्त पंक्तियों में कौन–सा छंद है?

(A) दोहा

(B) बरवै

(C) सोरठा

(D) उल्लाल

10. वीभत्स रस का स्थायी भाव है :

(A) भय

(B) विस्मय

(C) जुगुप्सा

(D) उत्साह

11. किसी रचना को पढ़ या सुनकर चित्र आनन्द से द्रवित हो जाय और उससे कठोरता, उमंग अथवा विरक्ति हर जाय, तो उसमें किस गुण की उपस्थिति है?

(A) माधुर्य

(B) ओज

(C) प्रसाद

(D) श्लेष

12. 'भाण' का प्रमुख लक्षण है:

(A) हास्य रस की अधिकता

(B) रौद्र रस की प्रधानता

(C) अनेक अवस्थाओं से युक्त धूर्तों का चरित्र दिखाना

(D) पुराण या इतिहास–प्रसिद्ध आख्यान पर आधारित 'कथानक'

13. रस–सूत्र के व्याख्याकारों में अनुमितिवाद के सिद्धांत के प्रवर्तक हैं–

(A) भट्टनायक

(B) भट्टलोल्लट

(C) आचार्य शंकुक

(D) अभिनवगुप्त

14. निम्नलिखित में से कौन–सा काव्य–लक्षण आचार्य भामह द्वारा प्रदत्त है?

(A) वाक्यं रसात्मकं काव्यम्

(B) शब्दार्थौं सहितौं काव्यम्

(C) रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम्

(D) शब्दार्थ शरीरं तावत्काव्यम्

15. आचार्य भरत के अनुसार रस के कुल कितने भेद हैं?

(A) सात

(B) आठ

(C) नौ

(D) दस

SAMPLE PAPER

16. हिंदी में जासूसी उपन्यासों के प्रवर्तक हैं:

(A) किशोरी लाल गोस्वामी

(B) गोपालराम गहमरी

(C) श्रद्धाराम फिल्लौरा

(D) लाला श्री निवासदास

17. प्रेमचंद के किस उपन्यास में स्त्री की आभूषण प्रियता की त्रासदी का नाटकीय चित्रण हुआ है?

(A) निर्मला

(B) सेवा सदन

(C) गबन

(D) प्रेमाश्रम

18. रणेन्द्र की रचना नहीं है :

(A) थोड़ा सा स्त्री होना चाहता हूं

(B) गायब होता देश

(C) गूँगी रूलाई का कोरस

(D) अल्मा कबूतरी

19. भारत–विभाजन पर केन्द्रित उपन्यास है:

(A) झूठा–सच

(B) सूरज का सातवाँ घोड़ा

(C) एक इंच मुस्कान

(D) राग दरबारी

20. वर्ष 2024 का ज्ञानपीठ पुरस्कार किस लेखक को दिया गया है?

(A) उदय प्रकाश

(B) विनोद कुमार शुक्ल

(C) दया प्रकाश सिन्हा

(D) संजीव

21. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी की कौन–सी रचना औपनिषदिक युग के परिवेश एवं जीवन पद्धति पर आधारित है?

(A) बाणभट्ट की आत्मकथा

(B) चारूचंद्रलेख

(C) पुनर्नवा

(D) अनामदास का पोथा

22. डॉ0 नामवर सिंह ने नयी कहानी का पहला कहानी संग्रह किसे स्वीकार किया है?

(A) एक दुनिया समानांतर

(B) जानवर और जानवर

(C) परिन्दे

(D) राजा निरबंसिया

23. चौधरी पीरबख्श किस कहानी के पात्र हैं?

(A) परदा

(B) पाजेब

(C) सिक्का बदल गया

(D) आर्द्रा

24. दलित समस्या पर केंद्रित प्रेमचंद्र की कहानी है :

(A) बड़े घर की बेटी

(B) सद्गति

(C) नशा

(D) मंत्र

25. निम्नलिखित में से कौन–सी कहानी चंद्रधर शर्मा गुलेरी की नहीं है?

(A) उसने कहा था

(B) सुखमय जीवन

(C) कानों में कंगना

(D) बुद्धू का काँटा

SAMPLE PAPER

26. किस कवि का संबंध रीतिबद्ध धारा से है?

(A) आलम

(B) ठाकुर

(C) बोधा

(D) चिंतामणि

27. 'शिवाबावनी' के लेखक हैः

(A) भूषण

(B) सेनापति

(C) जोधराज

(D) मतिराम

28. 'लोग हैं लागि कवित्त बनावत, मोहिं तौ मोरे कवित्त बनावत' अपनी कविताओं के विषय में उक्त कथन किस कवि की है?

(A) केशवदास

(B) धनानन्द

(C) बिहारी

(D) रसलीन

29. 'केशव को कवि हृदय नहीं मिला था। उनमें वह सहृदयता और भावुकता न थी जो एक कवि में होनी चाहिए।' यह कथन किसका है?

(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(B) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) श्यामसुन्दर दास

30. 'जम–करि–मुँह–तरहरि परयौ, इहिं धरहरि चित लाउ।' पंक्ति में 'जम–करि–मुँह–तरहरि परयौ' का अर्थ है : –

(A) हाथी–रूपी यम के मुँह के नीचे पड़ा हुआ है।

(B) यम–रूपी हाथी के पैरों के नीचे पड़ा हुआ है।

(C) यम–रूपी हाथी के मुँह के नीचे पड़ा हुआ है।

(D) यम के हाथों और मुँह के भीतर फँसा हुआ है।

31. 'आयी हौ खेलन फाग इहाँ वृषभानकुमारी तें सखी सँग लीने' काव्य–पंक्ति किस कवि का है?

(A) आलम

(B) पद्माकर

(C) बिहारी

(D) सेनापति

32. निम्नलिखित में से कौन–सी रचना केशवदास की नहीं है?

(A) कविप्रिया

(B) विज्ञानगीता

(C) जहाँगीर जस चन्द्रिका

(D) श्रृंगार मंजरी

SAMPLE PAPER

33. निम्नलिखित में से कौन–सा कवि औरंगजेब के पुत्र मुअज्जम शाह का आश्रित था?

(A) आलम

(B) मुबारक

(C) बेनी

(D) धनानन्द

34. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने किस कवि को प्रकृति–वर्णन की दृष्टि से अद्वितीय माना है?

(A) बोधा

(B) सेनापति

(C) रसनिधि

(D) नेवाज

35. रीतिमुक्त कविता की मुख्य विशेषता है –

(A) राजाओं की प्रशस्ति

(B) व्यक्तिगत अनुभूति और स्वच्छन्दता

(C) लक्षण ग्रंथों की लेखन

(D) श्रृंगार की केंद्रीयता और नायिका भेद

36. हिन्दी का पहला रिपोर्ताज कौन है?

(A) लक्ष्मीपुरा

(B) अदम्य जीवन

(C) तूफानों के बीच

(D) ऋणजल धनजल

37. महादेवी वर्मा का रेखाचित्र नहीं है :

(A) अतीत के चलचित्र

(B) मेरा परिवार

(C) माटी की मूरतें

(D) स्मृति की रेखाएँ

38. 'कलम का सिपाही' किस प्रसिद्ध साहित्यकार की जीवनी है ?

(A) प्रेमचंद

(B) जयशंकर प्रसाद

(C) शरत चन्द्र

(D) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

39. 'चीड़ों पर चाँदनी' के यात्रा–वृतांत किस महाद्वीप पर केन्द्रित हैं?

(A) अमेरिका

(B) यूरोप

(C) अफ्रीका

(D) ऑस्ट्रेलिया

40. प्रसिद्ध दलित साहित्यकार तुलसीराम की आत्मकथा का नाम है:

(A) मेरा बचपन मेरे कंधों पर

(B) जूठन

(C) मणिकर्णिका

(D) तिरस्कृत

SAMPLE PAPER

41. निम्नलिखित में से कौन–सा संस्मरण काशीनाथ सिंह का नहीं है?

(A) व्योमकेश दरवेश

(B) याद हो के न याद हो

(C) आधे दिन पाढ़ो भये

(D) घर का जोगी जोगड़ा

42. डॉ0 शेखर किस एकांकी का प्रमुख पात्र है?

(A) रीढ़ की हड्डी

(B) उत्सर्ग

(C) तांबे के कीड़े

(D) हरितगंधा

43. हिन्दी की प्रथम एकांकी किसे माना जाता है?

(A) स्ट्राइक

(B) अंडे के छिलके

(C) औरंगजेब की आखिरी रात

(D) एक घूँट

44. निम्नलिखित में से कौन–सा नाटक भीष्म साहनी का है?

(A) माधवी

(B) कोणार्क

(C) एक और द्रोणाचार्य

(D) आधे–अधूरे

45. जयशंकर प्रसाद के नाटक 'चन्द्रगुप्त' का प्रकाशन वर्ष है–

(A) 1915

(B) 1922

(C) 1928

(D) 1931

46. भारतेंदु का नाटक 'अंधेर नगरी' है :

(A) गीतिरूपक

(B) प्रहसन

(C) व्यायोग

(D) भाण

47. "क्यों काव्य और कला को अपनी इस घृणा में घसीटती हो। तुम्हारे ऐसे वातावरण में पले हुए सब लोगों की नफासत में नफरत की–भावना काम करती है–शरीर सें, गन्दगी से, जीवन से नफरत की।" यह कथन किस एकांकी का है?

(A) उत्सर्ग

(B) तौलिये

(C) हरितगंधा

(D) श्यामाः एक वैवाहिक विडंबना

SAMPLE PAPER

48. निम्नलिखित में से कौन ललित निबंधकार नहीं है:

(A) विद्या निवास मिश्र

(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) बाबू गुलाब राय

(D) कुबेरनाथ राय

49. 'यदि गद्य कवियों या लेखकों की कसौटी है तो निबंध गद्य की कसौटी '। यह किसका कथन है?

(A) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(B) बालकृष्ण भट्ट

(C) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(D) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी

50. 'शिवशंभु के चिट्ठे' के लेखक हैं:

(A) बालमुकुंद गुप्त

(B) पद्मसिंह शर्मा

(C) श्यामसुंदर दास

(D) प्रताप नारायण मिश्र

51. 'दादू पंथ के शिखर संत:' के रचनाकार कौन है?

(A) पुरूषोत्तम अग्रवाल

(B) नंद किशोर पांडेय

(C) दलपतसिंह राजपुरोहित

(D) बजरंग बिहारी तिवारी

52. 'द्वैताद्वैतवादि' का प्रवर्तन किस आचार्य ने किया था?

(A) महवाचार्य

(B) निम्बार्काचार्य

(C) वल्लभाचार्य

(D) रामानुजाचार्य

53. शंकराचार्य का मत नहीं है :

(A) आत्मा और ब्रह्मा एक ही है।

(B) जगत 'मिथ्या' है।

(C) विष्णु ही ब्रह्मा है।

(D) विभिन्न आत्माएं ब्रह्मा का प्रतिबिंब है।

54. किस विद्वान ने भक्तिआंदोलन ने 'भारतीय चिंता का स्वाभाविक विकास माना था?

(A) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

(B) जॉर्ज ग्रियर्सन

(C) आचार्य रामविलास शर्मा

(D) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

55. आदिकाल को 'बीजवपन काल' किसने कहा था?

(A) मिश्रबंधु

(B) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(C) गणपतिचंद्र गुप्त

(D) रमाशंकर शुक्ल 'रसल'

SAMPLE PAPER

56. पहेलियों और मुकरियों के लिए प्रसिद्ध हैः–

(A) अमीर खुसरो

(B) हेमचन्द्र

(C) अब्दुर्रहमान

(D) सरहपा

57. 'खने खने नयन कोन अनुसरई। खने खने बसन धूलि तनु भरई।' पंक्ति के रचयिता कौन हैं ?

(A) नरपति नाल्हा

(B) विद्यापति

(C) सूरदास

(D) बिहारी

58. सूफियों में रहस्यवाद का कौन–सा स्वरूप मिलता है ?

(A) भावात्मक रहस्यवाद

(B) साधनात्मक रहस्यवाद

(C) सृजनात्मक रहस्यवाद

(D) ज्ञानात्मक रहस्यवाद

59. निम्नलिखित में से किसने कबीर की रचनाओं का संकलन–संपादन नहीं किया है?

(A) बाबू श्याम सुन्दर दास

(B) पारसनाथ तिवारी

(C) अयोध्या प्रसाद उपाध्याय 'हरिऔध'

(D) धीरेन्द्र वर्मा

60. 'वारकारी संप्रदाय' का संबंध भारत के किस राज्य से है ?

(A) पंजाब

(B) महाराष्ट्र

(C) बंगाल

(D) कर्नाटक

61. कुतुबन की रचना है :

(A) मृगावती

(B) मधुमालती

(C) इन्द्रावती

(D) चित्रावली

62. किस आलोचक के जायसी को मूलतः कवि सिद्ध किया है?

(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(B) रामचन्द्र तिवारी

(C) परमानन्द श्रीवास्तव

(D) विजयदेव नारायण साही

63. 'पद्मावत' में किसे माया का प्रतीक माना गया है ?

(A) पद्मावती

(B) नागमती

(C) राघव चेतन

(D) अलाउद्दीन

SAMPLE PAPER

64. निम्नलिखित में से तुलसीदास की कौन–सी रचना ब्रजभाषा में लिखित नहीं है?

(A) जानकी मंगल

(B) गीतावली

(C) विनय पत्रिका

(D) दोहावली

65. तुलसी की भक्ति किस प्रकार की थी?

(A) हैतुकी भक्ति

(B) अहैतुकी भक्ति

(C) कैवल्य–काम भक्ति

(D) माधुर्य भक्ति

66. वल्लभाचार्य के अनुसार 'मर्यादा जीव' है :

(A) जो भगवान की नित्यलीला में प्रवेश करता है।

(B) जो सांसारिक विषय–वासनाओं में लिप्त रहता है।

(C) जो वेदों का अनुसरण करता है।

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

67. 'संतन को कहा सीकरी सों काम' पंक्ति किसकी है?

(A) कुंभनदास

(B) चतुर्भुजदास

(C) परमानंददास

(D) नंददास

68. 'आयां घोष बड़े व्यापारी में 'घोष' शब्द का क्या अर्थ है?

(A) कायस्थ

(B) अहीरों की बस्ती

(C) नगर

(D) वृंदावन

69. सूरदास के दृष्टिकूट पदों का संकलन किस रचना में हुआ है?

(A) सूरसागर

(B) सूरसारावली

(C) साहित्य लहरी

(D) रागकल्पद्रुम

70. 'भागवत पुराण' के किस स्कंध में भ्रमरगीत प्रसंग संकलित है?

(A) पंचम्

(B) दशम्

(C) एकादश

(D) द्वादश

71. रसखान' का मूल नाम क्या था?

(A) सैय्यद मसूद

(B) सैय्यद इब्राहिम

(C) सैय्यद आगाह

(D) सैय्यद मुश्ताक

SAMPLE PAPER

72. मीराबाई की मृत्यु कहाँ हुई थी ?

(A) मेवाड़

(B) भेड़ना

(C) वृंदावन

(D) द्वारिका

73. निम्नलिखित में से मीराबाई की पंक्ति है :–

(A) नंद जू मेरे मन आनंद भयो, हौ गोवर्धन ते आयो

(B) मोर पखा सिर ऊपर राखि हौ, गुंज की माल गरे पहिरौंगी

(C) नैना निपट बंकट छवि अटके, देखत रूप मदन मोहन को

(D) लरिकाई कौ प्रेम कहौ अलि कैसे करि के घूरत

74. 'मधूलिका' किस कहानी की पात्र है ?

(A) यही सच है

(B) पुरस्कार

(C) आकाशदीप

(D) ग्राम

75. रांगेय राघव का उपन्यास नहीं है :–

(A) मुर्दों का टीला

(B) कब तक पुकारूँ

(C) धरती धन न अपना

(D) सीधा सादा रास्ता

76. देवनागरी लिपि की विशेषता नहीं है :

(A) एक वर्ण से एक ध्वनि का संकेत

(B) अक्षरों का वैज्ञानिक क्रम

(C) अक्षरों के नाम और उनके लिखित एवं उच्चारित रूप में अभिन्नता

(D) वर्णमाला में एक भी वर्ण अनावश्यक नहीं

77. पूर्वी हिन्दी की बोली है :

(A) अवधी

(B) मगही

(C) ब्रजभाषा

(D) बुंदेली

SAMPLE PAPER

78. भारतीय संविधान के किन अनुच्छेदों में राजभाषा संबंधी प्रावधान है?

(A) 341–351 तक

(B) 343–351 तक

(C) 343–353 तक

(D) 353–363 तक

79. 'निराला की साहित्य साधना' किसकी कृति है ?

(A) दूधनाथ सिंह

(B) राम विलास शर्मा

(C) नंदकिशोर नवल

(D) नंददुलारे बाजपेयी

80. 'परिमल' नामक संस्था के सदस्य नहीं थे–

(A) लक्ष्मीकांत वर्मा

(B) विजयदेव नारायण लम्ही

(C) धर्मवीर भारती

(D) इलाचंद्र जोशी

81. 'दलित साहित्य का सौंदर्यशास्त्र' के लेखक है।

(A) ओमप्रकाश वाल्मीकि

(B) कँवल भारती

(C) डॉ. धर्मवीर

(D) जयप्रकाश कर्दम

82. 'हिंदी नयी चाल में ढली सन् 1873 ई. में'– यह कथन किस आलोचक का है?

(A) भारतेंदु हरिश्चन्द्र

(B) बालकृष्ण भट्ट

(C) प्रतापनारायण मिश्र

(D) किशोरी दास वाजपेयी

83. प्रयोगवाद की प्रवृत्ति नहीं है : –

(A) नवीन राहों का अन्वेषण

(B) क्षण की महत्ता

(C) साम्यवादी विचारधारा का समर्थन

(D) मध्यवर्गीय समाज का चित्रण

84. 'हालावाद' के प्रर्वतक है :

(A) हरिवंशराय बच्चन

(B) जानकी वल्लभ शास्त्री

(C) सुमित्रानन्दन पंत

(D) नरेन्द्र शर्मा

85. रामधारी सिंह दिनकर की कौन सी रचना कर्ण के जीवन पर आधारित है?

(A) कुरुक्षेत्र

(B) रश्मिरथी

(C) समाधेनी

(D) हुंकार

SAMPLE PAPER

86. 'एक भारतीय आत्मा' उपनाम को कौन–सा कवि प्रसिद्ध है ?

(A) मैथिलीशरण गुप्त

(B) सियारामशरण गुप्त

(C) माखनलाल चतुर्वेदी

(D) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

87. महादेवी वर्मा को उनकी किस रचना पर ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला था ?

(A) नीरजा

(B) यामा

(C) नीहार

(D) सांध्यगीत

88. निराला की कविता 'जूही की कली' का प्रकाशन वर्ष क्या है?

(A) 1916

(B) 1918

(C) 1920

(D) 1921

89. छायावाद को स्थूल को प्रति सूक्ष्म का विद्रोह किसने कहा था?

(A) नामवर सिंह

(B) नन्ददुलारे वाजपेयी

(C) रामस्वरूप चतुर्वेदी

(D) डॉ. नगेन्द्र

90. 'कामायनी' में कुल कितने सर्ग है?

(A) 11

(B) 13

(C) 15

(D) 18

91. जयशंकर प्रसाद किस उपनाम से ब्रजभाषा में कविताएँ लिखते थे:

(A) झारखंडी

(B) कलाधर

(C) रसा

(D) रत्नाकर

SAMPLE PAPER

92. मैथिलीशरण गुप्त को 'साकेत' लिखने की प्रेरणा किस आलोचक के लिखे लेख से मिली?

(A) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(B) रामचन्द्र शुक्ल

(C) बालकृष्ण भट्ट

(D) प्रतापनारायण मिश्र

93. फैंटेसी शिल्प का प्रयोग किस कवि की कविताओं में मिलता है?

(A) अज्ञेय

(B) मुक्तिबोध

(C) प्रभाकर माचवे

(D) शमशेर बहादुर सिंह

94. 'फिर छिनेंगे हम। जमेंगे हम। कहीं फिर पैर टेकेंगे।'' यह किस कविता की पंक्तियाँ है?

(A) जो पुल बनाएंगे

(B) कितनी नावों में कितनी बार

(C) सागर मुद्रा

(D) नदी के द्वीप

95. 'यात्री' नाम से कौन कवि कविताएँ लिखता था ?

(A) त्रिलोचन

(B) नागार्जुन

(C) केदारनाथ अग्रवाल

(D) केदारनाथ सिंह

96. 'तारसप्रक' में कौन कवि शामिल नहीं था ?

(A) भवानी प्रसाद मिश्र

(B) गिरजाकुमार माथुर

(C) नेमिचंद्र जैन

(D) भारतभूषण अग्रवाल

97. धूमिल का काव्य–संग्रह नहीं है :

(A) संसद से सड़क तक

(B) कल सुनना मुझे

(C) सुदामा पांडे का प्रजातंत्र

(D) मगध

SAMPLE PAPER

98.'यशोधरा' महाकाव्य किस विषय पर आधारित है ?

(A) उर्मिला और लक्ष्मण के वियोग पर

(B) गौतम बुद्ध के गृहत्याग की घटना पर

(C) चैतन्य महाप्रभु की पत्नी के जीवन पर

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

99.'संशय की एक रात' में राम किसके प्रतीक हैं?

(A) रघुकुल के नायक

(B) मध्यकालीन मनुष्य

(C) आधुनिक मानव

(D) उत्तर आधुनिक मनुष्य

100. नयी कविता में लघुमानव की प्रतिष्ठा का श्रेय किसे दिया जाता है?

(A) अज्ञेय

(B) विजयदेवनारायण साही

(C) धर्मवीर भारती

(D) श्रीकांत वर्मा

SAMPLE PAPER